# नई शिक्षा नीति से पूरे देश में शिक्षा का माहौल बना : सीएम

**76** विद्यार्थियों को पीएचडी की उपाधि दी

**26** विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिए गए

- बरकतउल्ला के सत्र 23 - 24 का दीक्षांत समारोह
- राज्यपाल, कुलाधिपति मंगू भाई पटेल ने की अध्यक्षता



**भोपाल, 8 सितंबर. नई शिक्षा नीति के माध्यम से पूरे देश में शिक्षा का माहौल बना. हम शिक्षा के इस दौर में राष्ट्र भाषा की बात करते हैं. पीएम मोदी के शब्दों में हमारे देश की सारी भाषाएं ही राष्ट्र भाषा हैं.**

सारी भाषाएं हमारी है. यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के सत्र 2023 -24 के दीक्षांत समारोह में कही. उन्होंने कहा कि परिवार में माता पिता से कोई पूछे कि आपको कौन सा बच्चा अति प्रिय है, तो जबाव यही होगा कि जितने बच्चे हैं सब अच्छे हैं. यह आत्मीय भाव जरूरी है. इसी आत्मीय भाव के साथ हम राष्ट्र एवं समाज का कल्याण कर सकते हैं. मध्य प्रदेश इस दिशा में अग्रसर है. हमने मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में शुरू की. दीक्षांत समारोह का आयोजन सोमवार कुशाभाव ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हॉल) में हुआ.

कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यपाल एवं कुलाधिपति मंगू भाई पटेल ने की. विश्वविद्यालय के कुलगुरु ने स्वागत भाषण दिया. राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मंत्री इंदर सिंह परमार ने विद्यार्थियों और शोधार्थियों को उपाधियां और मेडल प्रदान किए. साथ ही स्टूडेंट के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं. कार्यक्रम में 189 पीएचडी की घोषणा मंच से की गई जबकि 76 विद्यार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई. इसके अलावा 26 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिए गए. राज्यपाल एवं कुलाधिपति पटेल ने विश्वविद्यालय को NAAC में A ग्रेड मिलने की बधाई दी. उन्होंने कहा कि बरकतउल्ला विश्वविद्यालय लगातार प्रगति के पथ पर अग्रसर है. उन्होंने उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सामाजिक नवनिर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने की अपील की. मंत्री परमार ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आप समाज के संवेदनशील नागरिक हैं तथा आपको समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्माण पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ करना होगा.

### 190 छात्रों को मिली पीएचडी डिग्री

समारोह में विश्वविद्यालय परिसर के अलावा संबद्ध कॉलेजों के ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट और शोध स्तर तक के विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गई. इस दौरान 190 विद्यार्थियों को पीएचडी की डिग्री दी गई. वहीं, विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 26 छात्रों को गोल्ड मेडल प्रदान किया. इनमें से 21 मेडल मेरिट के आधार पर दिए, जबकि 5 गोल्ड मेडल प्रायोजित रहे. कार्यक्रम का संचालन अधिष्ठाता प्रोफेसर अनसूया ने किया. कुलसचिव डॉक्टर अनिल शर्मा ने अधिष्ठाओं को उनके संकाय में मिलने वाली डिग्रियों की घोषणा के लिए आमंत्रित किया. कार्यक्रम के तहत कुलपति प्रो. सुरेश कुमार जैन ने दीक्षांत समारोह के अवसर पर प्रकाशित स्मारिका का भी विमोचन मंच पर उपस्थित कुलाधिपति मुख्यमंत्री एवं मंत्री महोदय एवं समस्त कार्य परिषद के सम्मानित सदस्यों के द्वारा किया गया.

# टीआई के बाद मिला एसआई का शव

**उज्जैन. पुलिस का महकमा जहां कार हादसे से गमगीन है ,वहीं एनडीआरएफ एसडीआरएफ नगर निगम और होमगार्ड की टीम लगातार सर्चिंग अभियान चला रही है. टीआई की लाश मिलने के बाद सोमवार को सब इंस्पेक्टर मांगीलाल निनामा की डेड बॉडी भैरवगढ़ पुल के नीचे से मिली, जिसे पीएम के लिए पहुंचाया गया.**



स्वयं क्षिप्रा नदी बड़े पुल पर हुए भयावह हादसे की गवाह बनी है, जिसे मोक्षदायनी कहा जाता है, उस नदी के किनारे पर हजारों पथराई आंखे शनिवार से लगातार नदी में गिरी कार और पुलिस कर्मियों के बाहर निकलने का रास्ता तक रही ,श्राद्ध पक्ष के पहले ही दिन सब इंस्पेक्टर की लाश मिली, जिससे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है.

चिंतामण थाना क्षेत्र में एक 14 साल की गुम लड़की को ढूंढने के लिए उन्हेल थाने से कार में सवार होकर तीन पुलिसकर्मी शनिवार की शाम निकले थे ,जिसमे टीआई अशोक शर्मा, सब इंस्पेक्टर मांगीलाल निनामा और कांस्टेबल आरती पाल, दो पुलिस कर्मियों की लाश मिल चुकी है वहीं आरती पाल को अभी खोजा जा रहा है.

शिप्रा की गहराइयों में खोई कार और आरती-रविवार सुबह टीआई अशोक शर्मा का शव मिला और पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार गॉड ऑफ ऑनर के साथ कर दिया गया, सोमवार की शाम मांगीलाल निनामा की लाश भी नदी से बाहर निकाली गई, एनडीआरएफ एसडीआरएफ अभी भी शिप्रा की गहराइयों में गुम कार और कांस्टेबल आरती पाल को ढूंढ रही है.

### गाड़ी का बंपर मिला




एनडीआरएफ,एसडीआरएफ, होमगार्ड और नगर निगम की टीमें दिन-रात तलाश कर रही हैं. एक मछुआरे को कार का बंपर भी मिला. पूरी गाड़ी और आरती अब तक लापता हैं. बंपर पर गाड़ी का नंबर MP 13 CC 7292 भी लिखा हुआ है.

# पुलिसकर्मियों की मौत पर कांग्रेस ने साधा निशाना

## कांग्रेस ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को सीधे-सीधे जिम्मेदार ठहराया

**2 पुलिसकर्मियों की मौत ने मध्यप्रदेश को झकझोर दिया**

**महज दुर्घटना नहीं बल्कि सरकार की नाकामी : कांग्रेस**

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 09 सितम्बर. उज्जैन में तीन पुलिसकर्मियों की मौत ने पूरे मध्यप्रदेश को झकझोर दिया है. इस घटना को लेकर कांग्रेस ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को सीधे-सीधे जिम्मेदार ठहराते हुए सरकार पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है.**



जानकारी के अनुसार, सरकारी वाहन के स्टार्ट न होने और पुल पर बैरिकेडिंग व रोशनी की व्यवस्था न होने के कारण यह हादसा हुआ. कांग्रेस ने इसे महज दुर्घटना नहीं बल्कि सरकार की नाकामी का खुला सबूत करार दिया. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के गृह मंत्रालय संभालने के बाद से पुलिस भगवान भरोसे छोड़ दी गई है. उन्होंने ग्वालियर में पुलिस पर हमला, इंदौर में थाने से मोटरसाइकिल चोरी और सागर व भिंड में सुरक्षा इंतज़ामों की कमी से हुई घटनाओं का जिक्र कर सरकार की पोल खोली.

पटवारी ने उज्जैन हादसे की न्यायिक जांच, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई, पुलिस को पर्याप्त संसाधन और शहीद पुलिसकर्मियों के परिवारों को मुआवज़ा व नौकरी देने की माँग की. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार अब भी नहीं चेती तो कांग्रेस सड़क से लेकर विधानसभा तक इस मुद्दे को उठाएगी और मुख्यमंत्री को जवाबदेह ठहराएगी.

### एक नजर में

#### तालाब से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**सागर**. लाखा बंजारा झील के पास छोटे तालाब से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया. मृतक की अब तक शिनाख्त नहीं हो सकी है. गोपालगंज थाना पुलिस सूत्रों ने बताया कि मेडिकल कॉलेज रोड पर छोटे तालाब में देर शाम एक शव तैरता हुआ ऊपर आया, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बाहर निकाल कर पंचनामा कार्रवाई की और शव को पोस्ट मार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में ले लिया है.

#### खतरनाक स्टंट देख सहमे लोग, बुलाई पुलिस

**ग्वालियर**. सोशल मीडिया पर छाने के लिए युवा कई तरह के खतरनाक स्टंट करते देखे जा रहे हैं. ऐसा ही एक मामला सामने आया है. टिंकू सिंह ने वीरपुर बान्ध में 20 मिनट तक तालाब में मृत जैसा अभिनय किया.

#### 3 श्रद्धालुओं की मौत के बाद प्रशासन सतर्क

**ओंकारेश्वर**. प्रसिद्ध तीर्थ स्थल ओंकारेश्वर में तीन श्रद्धालुओं की नदी में डूबने से मौत हो गई. घटनास्थल पर पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम न होने के कारण यह हादसा हुआ। स्थानीय लोगों और तीर्थ यात्रियों ने घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था की कमी पर चिंता जताई है। प्रशासन ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है. साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा मानकों को बढ़ाने का आश्वासन दिया है.

# बदमाशों में खौफ का नाम मनोज सिंह

- इंदौर लौटे एनकाउंटर स्पेशलिस्ट

**इंदौर. पुलिस महकमे के चर्चित और तेजतर्रार अधिकारी डीआईजी मनोज सिंह की इंदौर में वापसी हो गई है. उन्हें ग्रामीण डीआईजी की जिम्मेदारी सौंपी गई है. मनोज सिंह का नाम उन अफसरों में शुमार होता है, जिनकी कार्यशैली और खुफिया नेटवर्क बदमाशों के लिए खौफ का दूसरा नाम मानी जाती है.**



मनोज सिंह का पिछला कार्यकाल इंदौर में बेहद यादगार रहा था. उस समय उन्होंने एक सनसनीखेज एनकाउंटर कर पूरे देश का ध्यान इंदौर की ओर खींचा था. यह एनकाउंटर आसाराम चौराहे (अब आईटी पार्क चौराहा) पर कुख्यात बदमाश मनोज सिंह का हुआ था. खास बात यह रही कि चलती कार में बैठे इस बदमाश को एनकाउंटर कर ढेर किया था. नाम की समानता के कारण यह एनकाउंटर और भी चर्चा में रहा बदमाश का नाम भी मनोज सिंह और एनकाउंटर करने वाले अफसर का नाम भी मनोज सिंह था. उस दौर में इस घटना ने राष्ट्रीय मीडिया में इंदौर को सुर्खियों में ला दिया था.

खुफिया तंत्र रखते हैं मजबूत

मनोज सिंह की खासियत है कि वे अपने खुफिया तंत्र को बेहद मजबूत रखते हैं. उनके इलाके में कोई भी बड़ी या छोटी वारदात उनसे छिप नहीं पाती. यही वजह है कि अपराधियों के बीच उनका नाम आज भी डर पैदा करता है. इंदौर में उनकी वापसी से पुलिस महकमे के साथ-साथ आम जनता को भी उम्मीद है कि अपराध पर सख्त लगाम लगेगी.

## सड़क हादसा : आक्रोशित लोगों ने की तोड़फोड़

**रायसेन**. जिले में एक सड़क हादसे में एक महिला और उसकी नवजात बच्ची की मौत हो गई. हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने बस में तोड़फोड़ कर दी. सूत्रों के अनुसार पुलिस मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर नकतरा में एक निजी बस हादसे का शिकार हो गई, जिसमें एक महिला और उसकी 15 दिन की बच्ची की मौत हो गई. दुर्घटना के बाद लोग एकत्रित हो गए और गुस्साए लोगों ने बस में तोड़फोड़ कर दी. अनुविभागीय अधिकारी पुलिस प्रतिभा शर्मा ने बताया कि घटना स्थल से बस का ड्रायवर और कंडेक्टर फरार हो गए. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है.

# पशु चिकित्सकों की संख्या बढ़ाई जाए

## मंत्रालय में गौसंवर्धन बोर्ड की बैठक में सीएम ने दिए निर्देश

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 8 सितंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में पशु चिकित्सकों की कमी को स्वीकार किया है.

उन्होंने कहा है कि प्रदेश में उपलब्ध पशुधन के अनुपात में पशु चिकित्सकों की संख्या कम है. गौवंश के बेहतर प्रबंधन और दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए पशु चिकित्सकों की संख्या में बढ़ोतरी जरुरी है. इस दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह निर्देश मप्र गौसंवर्धन बोर्ड की मंत्रालय में सोमवार को हुई बैठक में दिए. इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर गौशाला, प्रदेश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं. गौ-शालाएं गोबर, गौमूत्र आदि अपशिष्ट से धन अर्जित कर संपन्न बन सकती हैं. स्वावलंबी गौशालाएं विकसित करने के लिए दुग्ध उत्पादों सहित गौमूत्र-गोबर आदि से निर्मित सामग्री के विक्रय की व्यवस्था विकसित की जाए. साथ ही गौशालाओं में उपलब्ध स्थान का उपयोग सौर ऊर्जा से विद्युत उत्पादन के लिए भी किया जाए. प्रदेश के विभिन्न अंचलों में स्थानीय परिवेश के अनुरूप देसी नस्ल के गौपालन को प्रोत्साहित किया जाए.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा अनुसार प्रदेश में देसी नस्ल के गौपालन को प्रोत्साहित करने के लिए गिर, साहीवाल, मालवी और नागौरी नस्ल के पशुधन को प्रोत्साहित किया जाए. प्रदेश के जनजातीय अंचलों में भी गौपालन गतिविधियों को बढ़ाने के लिए आवश्यक नवाचार किए जाएं. प्रदेश में पशुपालन-कृषि-उद्यानिकी तथा नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में समन्वित रूप से कार्य करने से किसानों की आय में भी वृद्धि होगी और दुग्ध उत्पादन की दिशा में भी प्रदेश, देश के शीर्षस्थ राज्यों में शामिल हो सकेगा.

# भोपाल मंडल से गुजरेगी 3 जोड़ी दिवाली व छठ पूजा स्पेशल ट्रेनें

नवभारत रिपोर्टर


**भोपाल, 8 सितम्बर. रेल यात्रियों की मांग को पूरा करने के उद्देश्य से मंडल के इटारसी, भोपाल एवं बीना होकर विभिन्न गंतव्यों के लिए तीन जोड़ी स्पेशल ट्रेनों को चलाने का निर्णय लिया गया है.**

इन स्पेशल ट्रेनों की समय सारणी भी निर्धारित की गई है जो अलग-अलग ट्रिप में आवागमन करेगी. मुम्बई -गोरखपुर- मुम्बई स्पेशल (66 ट्रिप), गाड़ी संख्या 01079 स्पेशल 26 सितंबर से 30 नवंबर तक रात 22.30 बजे मुम्बई (सीएसएमटी) से प्रस्थान कर अगले दिन 10 एवं गाड़ी संख्या 01080 स्पेशल दिनांक 28 सितबंर से 2 दिसंबर के बीच गोरखपुर से 11.30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 00.40 बजे मुम्बई पहुँचेगी. यह गाड़ी दादर सेन्ट्रल, ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, मनमाड़, जलगांव, भुसावल, खंडवा, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई, उरई, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, खलीलाबाद में हल्ट करेगी. पुणे-गोरखपुर-पुणे स्पेशल (65 ट्रिप), गाड़ी संख्या 01415 स्पेशल दिनांक 27 सितंबर से 30 नवंबर तक 06.50 बजे पुणे से प्रस्थान कर अगले दिन 16 बजे गोरखपुर एवं गाड़ी संख्या 01416 स्पेशल दिनांक 28 सितंबर से 1 दिसंबर के बीच गोरखपुर से 17.30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 03.15 बजे पुणे पहुँचेगी.

## गौरी तालाब में डूबने से शिक्षक की मौत

**भिंड.** शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल क्रमांक-2 के शिक्षक 40 वर्षीय रवि राजावत की गौरी तालाब में डूबने से मौत हो गई. सूत्रों के अनुसार राजावत यदुनाथ नगर में रहते थे और लंबे समय से बीमार चल रहे थे. सुबह के समय वह इलाज के लिए ग्वालियर जाने के लिए घर से निकले थे. इस दौरान मंदिर पर दर्शन करने के बाद वह गौरी तालाब पहुंचे और वहां मछलियों को दाना चुगाने लगे. तभी अचानक पैर फिसलने से वह तालाब में फिसल गए. स्थानीय लोगों ने घटना की पुलिस को सूचना दी. शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से तलाश की, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी.

# गरज-चमक के साथ होगी तेज बारिश



**भोपाल, 8 सितम्बर**. प्रदेश के कई जिलों में मौसम के मिजाज ने अचानक करवट ली है.

मौसम विभाग ने भारी बारिश और गरज-बिजली के लिए येलो अलर्ट जारी किया है. भोपाल, ग्वालियर, रीवा, सतना और इंदौर जैसे जिलों में अगले 24 घंटों में तेज बारिश की संभावना है.

अधिकारियों ने कहा कि नागरिकों को बिजली गिरने, सड़क पर जलजमाव और सतर्कता के लिए विशेष सावधानी बरतनी चाहिए. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी जिलों के अधिकारियों को अलर्ट रहने और आपात राहत कार्यों के लिए टीम तैयार रखने के निर्देश दिए हैं. मौसम विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि तेज़ बारिश के दौरान नदी और नालों के पास न जाएं और वाहनों को सुरक्षित स्थान पर पार्क करें.


**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति**
**भीकनगांव, जिला खरगोन**

क्रमांक/मंडी/स्टोर/2025-26/880 भीकनगांव, दिनांक : 08.09.2025

**कैंटीन निविदा/भाव पत्रक आमंत्रण हेतु विज्ञप्ति**

सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मंडी समिति भीकनगांव द्वारा मुख्य मंडी प्रांगण भीकनगांव में विक्रय हेतु आने वाले कृषकों को मंडी प्रांगण में 5/- प्रति भोजन थाली में 6 पूड़ी, 200 ग्राम, एक सब्जी एवं आचार अथवा 6 रोटी, 200 ग्राम, दाल एवं सब्जी व आचार उपलब्ध कराने एवं कृषकों को बाजार दर पर स्वल्पाहार चाय आदि कम दर पर उपलब्ध कराने के लिये कार्यालय मंडी समिति भीकनगांव में दिनांक 23.09.2025 तक राशि रु. 1000/- कार्यालय में जमा कर प्राप्त कर सकते हैं (निविदाएं तीन लिफाफा पद्धति अनुसार) सीलबंद लिफाफे में भाव पत्र पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा दिनांक 26.09.2025 को अपराह्न 5.30 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। भाव पत्र क्रय करने के पूर्व प्रतिभूति राशि रु. 100000/- की एफ.डी. आर. जो सचिव कृषि उपज मंडी समिति भीकनगांव के नाम से देय हैं, जमा करना अनिवार्य हैं। प्राप्त निविदायें निविदाकारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष दिनांक 30.09.2025 को दोपहर 1.00 बजे खोली जावेंगी। अन्य शर्तें कार्यालय में कार्यालयीन समय में देखी जावें।

म.प्र. माध्यम/121955/2025 **सचिव**

**कृषि उपज मंडी समिति, भीकनगांव, जिला खरगोन**



**जेपी सीमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीआईआरपी के अंतर्गत) द्वारा प्रकाशित फॉर्म जी में रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) जमा करने की अंतिम तिथि 26/07/2025 और परिशिष्ट दिनांक 26/08/2025**

यह 26/07/2025 को बिजनेस स्टैंडर्ड, अमर उजाला, कन्नड़ प्रभा और नवभारत समाचार पत्रों में प्रकाशित फॉर्म G के संदर्भ में है, जिसके लिए रुचि की अभिव्यक्ति ("ईओआई") जमा करने की अंतिम तिथि 25/08/2025 थी, जिसे ऋणदाताओं की समिति (सीओसी) के अनुमोदन से 08/09/2025 तक बढ़ा दिया गया था। कृपया ध्यान दें कि रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) जमा करने की अंतिम तिथि 15/09/2025 तक बढ़ा दी गई है। अन्य सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। विस्तार के बाद संबंधित/संशोधित तिथियां/विवरण इस प्रकार हैं:-

| स.क्र. | विवरण/घटना | नियत तारीख |
|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट देनदार का पैन | AAACZ2168D |
| 2. | रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 15/09/2025 |
| 3. | संभावित समाधान आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि | 25/09/2025 |
| 4. | अनंतिम सूची पर आपत्तियाँ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 30/09/2025 |
| 5. | संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि | 10/10/2025 |
| 6. | संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स और समाधान योजनाओं के लिए अनुरोध जारी करने की तिथि | 15/10/2025 |
| 7. | समाधान योजनाएँ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 14/11/2025 |
| 8. | रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने के लिए प्रक्रिया ईमेल आईडी | jaypeecement.cirp@gmail.com |

यह सूचना समाधान पेशेवर द्वारा जारी की गई है, ताकि PRAs को दिनांक 26/07/2025 के फॉर्म G और उसके दिनांक 26/08/2025 के परिशिष्ट के अनुसार EOI जमा करने की तिथि में विस्तार के बारे में सूचित किया जा सके।

एसडी/-
सीएमए दीपिका भुग्रा प्रसाद
जेपी सीमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड की समाधान पेशेवर
पंजीकरण संख्या: IBBI/IPA-003/IP-N000110/2017-2018/11186
ईमेल: Jaypeecement.cirp@gmail.com

दिनांक: 09-09-2025
स्थान: दिल्ली


**स्वर्णिम अध्याय** ▶ बइरबी-सायरंग रेल परियोजना बनकर तैयार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 को करेंगे उद्घाटन


# पहाड़ी राज्य मिजोरम में फर्राटा भरेगी छुक-छुक गाड़ी

**जबलपुर, 8 सितम्बर. नवभारत. आजादी के 79 साल बाद आखिरकार भारत के खूबसूरत पहाड़ी राज्यों में से एक मिजोरम में भी अब रेल की सीटी सुनाई देने वाली है.**

क्योंकि अब आइजोल भी भारतीय रेल नेटवर्क से जुड़ गया है. बइरबी सायरंग के बीच 52 किलोमीटर की ये रेल परियोजना केवल इंजीनियरिंग का अद्भुत नमूना ही नहीं बल्कि इस पहाड़ी राज्य को देश की मुख्य धारा से और मजबूती से जोड़ने वाली जीवन रेखा साबित होगी. बता दें कि 10 जून 2025 को हरतकी से सायरंग तक अंतिम रेल खंड के चालू होने के साथ ही बइरबी-सायरंग नई रेल परियोजना पूर्ण हो गई और भारतीय रेलवे के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है. यह महत्वाकांक्षी परियोजना 29 नवम्बर 2014 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आधारशिला रख आरंभ की गई थी. वर्ष 2016 में बइरबी तक मालगाड़ी पहुँचने के बाद अब 51.38 किलोमीटर लंबी पूरी लाइन को चालू कर दिया गया है. इस परियोजना की कुल लागत लगभग 8071 करोड़ रुपये रही. अब इस रेल लाइन मार्ग का उद्घाटन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 13 सितंबर को किया जाएगा. साथ ही 45 सुरंगें बनाई गई हैं. कुल 11.78 किलोमीटर लंबाई पुलों से और 15.885 किलोमीटर लंबाई सुरंगों से होकर गुजरती है. सबसे लंबी सुरंग 1.868 किलोमीटर की है और सभी सुरंगों में आधुनिक बलास्ट रहित पटरियाँ बिछाई गई हैं. सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध बनाने हेतु सुरंगों की दीवारों पर मिज़ोरम की लोक संस्कृति, पहनावे, त्यौहारों और जैव विविधता को दर्शाते भित्तिचित्र बनाए गए हैं. मालूम हो कि आईआरसीटीसी ने अगस्त 2025 में मिज़ोरम सरकार के साथ पर्यटन संवर्धन हेतु दो वर्षीय समझौता किया है.

**फैक्ट**

- 8071 करोड़ रुपए कुल लागत लगी
- इसकी कुल लंबाई 52 किलोमीटर है
- इसमें 45 सुरंग, 152 पुल, 5 ओवर ब्रिज मौजूद हैं
- आइजोल मिजोरम से धनंजय श्रीवास्तव की रिपोर्ट



रेलवे अधिकारियों के मुताबिक यह रेल मार्ग कोलासिब और आइज़ोल जिलों से होकर गुजरेगा और 100 किलोमीटर प्रति घंटे की गति क्षमता के अनुरूप तैयार किया गया है. इसमें कुल चार स्टेशन हरतकी, कॉनपुई, मुअलखांग एवं सायरंग निर्माण किए गए हैं. रेल मार्ग में 153 पुलों का निर्माण किया गया है. जिनमें 55 बड़े पुल, 88 छोटे पुल और 10 आरओबी आरयूबी शामिल है.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60